UDYAM-BR-0010266

# केशव न्यूज

www.keshavtv24.com गुरुवार 30 जनवरी 2025 वर्ष 01 अंक 01 पृष्ठ 4 keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

ख्वाहिशों के रंग में तेरे
सपनो की आग है
मेहनत कर डटकर
क्युकी उसमे ही तेरी
इज़्ज़त का ताज है।

## आस पास की खबरे

संवाददाता केशव न्यूज

*नकली लाइसेंस पर हथियार रखने के आरोप में दो गिरफ्तार*

लहेरी थाना पुलिस ने सोमवार को वाहन जांच के दौरान रामचंद्रपुर बस स्टैंड के पास से स्कॉर्पियो सवार दो अंगरक्षकों को गिरफ्तार किया। दोनों नकली आर्म्स लाइसेंस पर हथियार रखे हुए थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान औरंगाबाद जिले के देवकुंड थाना क्षेत्र के नौरंगा गांव निवासी सत्येंद्र पासवान और उपहारा थाना क्षेत्र के एररी गांव निवासी रामजी पासवान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, दोनों अमावां पंचायत के मुखिया के अंगरक्षक बनकर घूम रहे थे।

पुलिस ने आरोपियों के पास से एक एकनाली बंदूक, एक दुनाली बंदूक और 16 कारतूस जब्त किए। जांच के दौरान उनके आर्म्स लाइसेंस को नकली पाया गया।

थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके हथियार जब्त कर लिए गए हैं। नकली आर्म्स लाइसेंस रखने और हथियार रखने के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### प्रखंड स्तर पर खोले जा रहे जिंदा मछली बिक्री केंद्र

आम लोगों को ताजा और जिंदा मछली आसानी से उपलब्ध कराने के लिए मत्स्य विभाग प्रखंड स्तर पर जिंदा मछली बिक्री केंद्र खोलने की योजना पर काम कर रहा है। फिलहाल रहुई प्रखंड में इस केंद्र का संचालन सफलतापूर्वक हो रहा है। वहीं, अस्थावां के जाना और सरमेरा के जहांगीरपुर में भी जल्द ही केंद्र शुरू करने की तैयारी की जा रही है।

डीएफओ शंभु कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत इन बिक्री केंद्रों की स्थापना की जा रही है। रहुई में प्रति दिन 400 से 500 किलो ताजा मछली की बिक्री हो रही है। जाना और जहांगीरपुर में भी केंद्र जल्द ही चालू होंगे।

यह परियोजना कुल 20 लाख रुपये की है। इसमें सामान्य वर्ग के लाभुकों को 8 लाख रुपये और महिला व अनुसूचित वर्ग के लाभुकों को 12 लाख रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। अन्य प्रखंडों में भी ऐसे केंद्र खोलने की योजना है, जिसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। डीएफओ ने बताया कि ताजी और जिंदा मछली की मांग हमेशा बनी रहती है, लेकिन इसकी उपलब्धता में दिक्कत होती है। इस समस्या के समाधान के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस जिंदा मछली बिक्री केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में छह फीट लंबी, पांच फीट चौड़ी और ढाई फीट गहरी अलग–अलग हौज बनाए जाएंगे। इनमें एक बार में लगभग 150 किलो मछली को कई दिनों तक जीवित रखा जा सकेगा। इस व्यवस्था से लोगों को 24 घंटे जिंदा मछली मिल सकेगी।

# पटना में बीपीएससी छात्र पर जानलेवा हमला – ओवरटेक कर बीच सड़क पर फायरिंग, सीसीटीवी से अपराधियों की पहचान

**फायरिंग से दहशत – ओवरटेक कर गोली चलाने की वारदात, पिस्टल जाम होने से बची जान**

संवाददाता केशव न्यूज



पटना के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बाइक सवार अपराधियों ने बीपीएससी की तैयारी कर रहे युवक जयदीप पर जानलेवा हमला किया। जयदीप जिम से लौटते समय रामकृष्ण पथ पर था, तभी दो अपराधियों ने उसे ओवरटेक कर रोका और गोली चला दी।

पहली गोली फायर होने के बाद अपराधियों ने दूसरी गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पिस्टल जाम हो गई। इस बीच जयदीप ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया गया है।

जयदीप मूल रूप से सीवान का रहने वाला है और पटना में बीपीएससी की तैयारी कर रहा है। घटना के बाद उसका पूरा परिवार डरा हुआ है। हमलावरों के डर से वह फिलहाल अपने रिश्तेदार के घर चला गया है।

घटना की पूरी वारदात पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। डीएसपी (विधि व्यवस्था) दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान कर ली गई है। एक अपराधी ने बाइक चलाते समय हेलमेट उतारा था, जिससे उसकी पहचान संभव हो पाई।

पुलिस ने बताया कि अपराधियों ने बाइक की नंबर प्लेट से भी छेड़छाड़ की थी। देर रात तीन जगहों पर छापेमारी की गई है और जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# इंटरमीडिएट परीक्षा 1 फरवरी से – 31 जनवरी तक डाउनलोड करें एडमिट कार्ड

**1 से 15 फरवरी तक होगी इंटर की परीक्षा, कंट्रोल रूम से मिलेगी त्वरित मदद**

संवाददाता केशव न्यूज



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बिहार बोर्ड) द्वारा इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 1 फरवरी से आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में करीब 12 लाख 89 हजार छात्र–छात्राएं शामिल होंगे। सभी विद्यार्थियों को 31 जनवरी तक अपना एडमिट कार्ड अनिवार्य रूप से डाउनलोड करने की सलाह दी गई है।

परीक्षा 1 फरवरी से 15 फरवरी तक दो पालियों में आयोजित होगी। इसके सफल संचालन के लिए बोर्ड ने कंट्रोल रूम स्थापित किया है, जो 31 जनवरी को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक तीन पालियों में कार्यरत रहेगा। परीक्षा के दौरान किसी समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम के नंबर 0612–2232257 या 0612–2232227 पर संपर्क किया जा सकता है।

शिक्षा विभाग ने परीक्षा को कदाचार मुक्त बनाने के लिए उड़नदस्ता दल नियुक्त किया है। गुरुवार को ये दल आवंटित जिलों में प्रस्थान करेंगे और परीक्षा समाप्ति तक वहीं कैंप करेंगे।

38 पदाधिकारियों को विभिन्न जिलों में तैनात किया गया है। इनका कार्य परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना, प्रश्न–पत्र की निकासी की निगरानी करना और कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करना होगा।

नामित पदाधिकारी संबंधित जिले के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों (डायट, बाइट, पीटीईसी, सीटीई) के व्याख्याता होंगे। हर जिले में एक पदाधिकारी उड़नदस्ता दल का नेतृत्व करेगा। उनका उद्देश्य परीक्षा संचालन की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना है।

विद्यार्थियों को सलाह – समय पर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर परीक्षा केंद्र पर अनुशासन का पालन करें।

## लूट की योजना बना रहे पांच अपराधी गिरफ्तार – अवैध हथियार और कारतूस बरामद, वाहन जांच के दौरान पकड़े गए



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले की नूरसराय पुलिस ने लूट की योजना बना रहे पांच शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। यह गिरफ्तारी विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान की गई।

नूरसराय थाना प्रभारी रजनीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सफेद रंग की सुजुकी अर्टिगा कार में सवार पांच संदिग्धों को रोका। पूछताछ के दौरान पुलिस को इनकी आपराधिक योजना का पता चला।

मुख्य आरोपी पृथ्वी राज (21) हाल ही में जेल से रिहा हुआ था। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके घर से अवैध हथियार और कारतूस बरामद किए। पुलिस के अनुसार, ये अपराधी बिहटा–सरमेरा रोड पर लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

गिरफ्तार अपराधियों में पृथ्वी राज के अलावा शिशुपाल (19), शिवशंकर कुमार (22), अजित कुमार (22) और डब्लू कुमार (19) शामिल हैं। इन अपराधियों पर पहले से हत्या के प्रयास, लूट और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं।

सदर एसडीपीओ–2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ नूरसराय थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस फरार अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। हथियारों के वायरल वीडियो के मामले में भी जांच जारी है।









## अखिल भारतीय रविदासिया धर्म का जिला सम्मेलन 26 फरवरी को बिहारशरीफ में



संवाददाता केशव न्यूज

बहारशरीफ– बिहारशरीफ के सर्वोदय नगर में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अखिल भारतीय सदस्य धर्म के जिला उपाध्यक्ष शंकर दास ने की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 26 फरवरी 2025 को सुबह 10 बजे बिहारशरीफ के आईएम हॉल में अखिल भारतीय रविदासिया धर्म का जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।इस अवसर पर अखिल भारतीय रविदासिया धर्म के जिला अध्यक्ष बलराम साहब और अतिपिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने संयुक्त रूप से कहा कि संत रविदास जी भारत के महान संतों में से एक हैं। उनका जन्म माघ सुदी 15 पूर्णिमा संवत् 1433 (1377 ई.) में बनारस के पास स्थित सीर गोवर्धनपुर गांव में पिता संतोख जी और माता कलसी देवी की पवित्र कोख से हुआ था। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, जातिवाद और अंधविश्वास का विरोध करते हुए मानवतावादी विचारधारा को स्थापित किया।

### मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के तहत हिलसा में निर्माण कार्य का निरीक्षण

# नालंदा जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने हिलसा अनुमंडल का किया निरीक्षण

### रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के लिए जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

संवाददाता केशव न्यूज

हिलसा (नालंदा)– जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान हिलसा अनुमंडल अंतर्गत रामबाबू उच्च विद्यालय हिलसा, प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय हिलसा और अनुमंडल कार्यालय हिलसा का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने रामबाबू उच्च विद्यालय मैदान में प्रस्तावित एथले. टिक्स ट्रैक और आउटडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस परियोजना पर कुल 209.63719 लाख रुपये (दो करोड़ नौ लाख तिरसठ हजार सात सौ उन्नीस रुपये) की लागत से निर्माण कार्य किया जाना है।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में जल जमाव न हो, इसके लिए पूर्व योजना बनाई जाए। इस खेल मैदान में निम्नलिखित सुविधाएं विकसित की जाएंगी



– एथलेटिक्स ट्रैक – सिटिंग स्टैंड और पवेलियन – बाउंड्री वॉल और फुटबॉल मैदान – चेंजिंग रूम और गार्ड रूम – शौचालय और पेयजल सुविधा – मल्टीपरपस खेल मैदान (वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबॉल आदि)

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आरटीपीएस काउंटर को अधिक सुविधायुक्त और सुंदर बनाया जाए। उन्होंने प्रखंड कार्यालय में आए आवेदकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समस्या समाधान के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अनुमंडल लोक शिकायत सेवा केंद्र को विकसित करने के निर्देश दिए। रेलवे क्रॉसिंग हिलसा में आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजने का भी निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया।

इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, संबंधित कार्यपालक अभियंता, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## नालंदा महिला कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और सेंटर ऑफ नेचुरल थेरेपी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र रजक, होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. रामनारायण प्रसाद सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. आशिया परवीन, डॉ. नव्या राज और डॉ. अविनाश शंकर भारती ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस शिविर में आधुनिक मशीनों के माध्यम से मानसिक और शारीरिक समस्याओं सहित अन्य रोगों की निरूशुल्क जांच की गई। जांच शिविर में कॉलेज की छात्राओं के साथ–साथ शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जितेंद्र रजक ने कहा कि इस स्वास्थ्य शिविर से न केवल छात्राएं बल्कि शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को भी लाभ मिला है। डॉक्टर नव्या राज ने बताया कि वे पिछले पांच वर्षों से क्लीनिक संचालन के साथ जागरूकता अभियान चला रही हैं। उनका लक्ष्य है कि हर घर में एक्यूप्रेशर की पहुंच हो सके।

# गिरियक प्रखंड के पुरैनी पंचायत में शांति पूर्ण तरीके से हुआ पैक्स अध्यक्ष का मतदान

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा – गिरियक प्रखंड के पुरैनी पंचायत में आज पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मतदान शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। मतदान की प्रक्रिया सुबह 7 बजे प्रारंभ हुई और शाम 5रू00 बजे समाप्त हुई। पंचायत के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक मतदान में भाग लिया और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सफल बनाया।

पुरैनी पंचायत के अंतर्गत कुल 10 गांव हैं जिनमे पुरैनी, मानपुर, हसनपुर, महतपुरा, तख्तरोजा, पहलौआ, सैदपुर, जलालपुर, हैवतपुर और खानपुरा शामिल है । इन गांवों में कुल 1323 मतदाता हैं, जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

पैक्स अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने अपनी दावेदारी पेश की है। इनमें पुरैनी पंचायत से कौशल कुमार, अरविंद प्रसाद यादव, और वीरेंद्र यादव उर्फ़ वीरू कुमार शामिल हैं। तीनों प्रत्याशियों ने पूरी मेहनत से प्रचार किया और जनता का समर्थन पाने की कोशिश की। मतदान के बाद अब



अब सभी प्रत्याशियों की निगाहें मतगणना पर टिकी हैं। आज ही गिरियक के आदमपुर हाई स्कूल में मतगणना की जाएगी। निर्वाचन आयोग और स्थानीय प्रशासन ने मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं ताकि मतगणना प्रक्रिया भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। ग्रामीणों में मतदान के प्रति जागरूकता साफ दिखाई दी। बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं अपने मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। अब यह देखना रोचक होगा कि जनता किसे अपना नेतृत्व सौंपती है और किसके सिर पर पैक्स अध्यक्ष का ताज सजता है।

इस शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया ने लोकतंत्र के प्रति जनता की आस्था को प्रकट किया है। मतगणना के बाद ही यह तय होगा कि कौशल कुमार, अरविंद प्रसाद यादव, या वीरेंद्र यादव में से किसे जनता ने अपना नेतृत्व चुनने का निर्णय किया है।

## *सरस्वती पूजा के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित*

संवाददाता केशव न्यूज

राजगीर (नालंदा)– सरस्वती पूजा के दौरान विधि व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राजगीर अनुमंडल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कुमार ओम केश्वर की अध्यक्षता में कन्वेंशन सेंटर, राजगीर में आयोजित हुई। बैठक में सभी प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक के दौरान एसडीओ ने स्पष्ट रूप से कहा कि पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों की भी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए।

एसडीओ ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में जहां भी पूजा पंडाल बनाए जा रहे हैं, वहां पूजा आयोजन के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। जनप्रतिनिधियों से अपील की गई कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में पूजा आयोजकों को लाइसेंस लेने के लिए प्रेरित करें। पूजा के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा।

जनप्रतिनिधियों से कहा गया कि यदि कहीं भी कोई अप्रिय घटना की सूचना मिले, तो तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करें। थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिया गया कि





किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करें। यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि क्षेत्र में कहीं भी डीजे का प्रयोग नहीं हो। यदि डीजे के प्रयोग की सूचना मिले, तो कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस बैठक का उद्देश्य सरस्वती पूजा के दौरान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल बनाए रखना था।









# खैनी देने से मना किया, पत्थर से कूच दिया गया में किराएदार की हत्या कर भागा, गिरफ्तार

संवाददाता केशव न्यूज

गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा बालू में खैनी नहीं देने पर मकान मालिक ने किराएदार की पत्थर से कूच–कूचकर हत्या कर दी। घटना बुधवार देर शाम की है। मृतक की पहचान कोतवाली थाना क्षेत्र के ब्राह्मणी घाट निवासी राजू सिन्हा उर्फ टेनी (40) के रूप में हुई। पुलिस ने हत्या आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

टेनी भुसुंडा निवासी डब्लू मिस्त्री उर्फ पगला के मकान में किराएदार था जबकि उसका परिवार ब्राह्मणी घाट क्षेत्र में रहता है। डब्लू मिस्त्री ने शाम 7 बजे के करीब अपने किराएदार राजू से खैनी मांगी। राजू के मना करने पर विवाद शुरू हो गया।

डब्लू गाली–गलौज करने लगा। इस बात का राजू ने विरोध किया, तो डब्लू आग बबूला हो गया। उसने आंगन में पड़े पत्थर से उसका सिर कूच दिया। मौके पर ही राजू की मौत हो गई। इस दौरान मारपीट का शोर सुनकर आसपास के लोग भी जुट गए। उस दौरान हत्या का आरोपी भाग गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की।



थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि आरोपी को भुसुंडा–फतेहपुर मार्ग स्थित मंझौली से गिरफ्तार कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि डब्लू मिस्त्री मानसिक रूप से ठीक नहीं है। उस पर पहले भी मां दुर्गा की प्रतिमा चोरी का आरोप लग चुका है। एसड. ीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। हत्या में प्रयुक्त पत्थर को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

## बिहारशरीफ सदर अस्पताल में सफाई कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन



संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा – बिहारशरीफ सदर अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को न्यूनतम मजदूरी और सामाजिक सुरक्षा लाभों की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध जीविका दीदी द्वारा आयोजित एक बैठक के बाद शुरू हुआ, जिसमें कर्मचारियों को मात्र ध्5000 मासिक वेतन देने की बात कही गई।

सफाई कर्मचारियों का कहना है कि यह प्रस्तावित वेतन न्यूनतम मजदूरी कानून का उल्लंघन है। इसके अलावा, उन्हें ईपीएफ और ईएसआईसी जैसे आवश्यक सामाजिक सुरक्षा लाभों से भी वंचित रखा जा रहा है। कर्मचारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उन्हें नियमानुसार न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा लाभ नहीं दिए जाएंगे, वे काम पर नहीं लौटेंगे।

यह विवाद 24 जनवरी को अस्पताल के कार्यालय में आयोजित एक बैठक के दौरान सामने आया था, जहां जीविका बीपीएम ने कर्मचारियों को बताया कि वर्तमान में केवल ध्5000 मासिक वेतन ही दिया जा सकता है। कर्मचारियों का कहना है कि यह राशि उनकी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त है।

इस विरोध प्रदर्शन से अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित हो सकती है, जिससे मरीजों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। प्रशासन से जल्द इस मामले का समाधान करने की मांग की गई है।

# जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी में भव्य एल्यूमिनी मीट का आयोजन

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा जिले के वियावानी स्थित जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में भव्य एल्यूमिनी मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, नालंदा के सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार और विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर एल्यूमिनी मीट, फ्रेशर पार्टी और एनुअल फंक्शन का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही विदाई समारोह भी आयोजित किया गया, जिससे छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा मिली।

इस मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं और विगत परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को संस्थान के संरक्षक श्री श्रवण कुमार ने पुरस्कृत किया।



कार्यक्रम के दौरान विधान पार्षद श्रीमती रीना यादव ने कहा कि जेपी ग्रुप छात्रों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए लगातार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता रहता है, जो सराहनीय है। मंत्री श्री श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि जेपी ग्रुप के अंतर्गत संचालित सभी संस्थाएं अपने–अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। पुराने छात्रों का यह सम्मान समारोह अत्यंत प्रशंसनीय है, क्योंकि यहां से पास होकर छात्र विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बना रहे हैं।

इस अवसर पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की सराहना की।

# *पावापुरी में छापेमारी – 20 नाबालिग लड़कियां रेस्क्यू, पति–पत्नी समेत चार गिरफ्तार*

संवाददाता केशव न्यूज

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के नेतृत्व में मिशन मुक्ति फाउंडेशन, आइडिया एनजीओ और नालंदा पुलिस ने पावापुरी ओपी क्षेत्र में छापेमारी कर 20 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया। इस कार्रवाई में ऑर्केस्ट्रा संचालक पति–पत्नी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

फिल्मों और नौकरी का लालच देकर लाई गईं लड़कियां

रेस्क्यू की गई लड़कियां बिभिन्न राज्यों की रहने वाली हैं। इन्हें अच्छी नौकरी और फिल्मों में डांस का झांसा देकर नालंदा लाया गया था। यहां उनसे जबरन ऑर्केस्ट्रा में डांस करवाया जा रहा था।




यह गिरोह बबीता म्यूजिकल ग्रुप के नाम से संचालित था, जिसे पावापुरी निवासी रंजीत प्रसाद उर्फ राजू और उनकी पत्नी बबीता चलाते थे। पुलिस ने इस गिरोह से जुड़े तीन म्यूजिकल ग्रुप दृ बबीता म्यूजिकल ग्रुप, बीआर म्यूजिकल ग्रुप और आशिकी बैंड के खिलाफ कार्रवाई की है।

मिशन मुक्ति फाउंडेशन के डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि "तीन ठिकानों पर छापेमारी के दौरान 20 नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया। इनसे ऑर्केस्ट्रा में डांस करवाया जा रहा था। लड़कियों को सरस्वती पूजा के कार्यक्रम में डांस कराने के लिए बुलाया गया था।" इस ऑपरेशन का नेतृत्व राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने किया। पुलिस ने कहा है कि अन्य आरोपियों की तलाश और गिरफ़्तारी के लिए जांच जारी है।

पुलिस के चंगुल से छुड़ाए जाने के बाद लड़कियां राहत में दिखीं और उन्होंने पुलिस एवं एनजीओ का आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि सभी पीड़ित लड़कियों को सुरक्षा और पुनर्वास की व्यवस्था दी जाएगी।

## 2 फरवरी को आलोक क्लिनिक में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर



बिहार शरीफ के खंदकपर स्थित डॉक्टर कॉलोनी में आलोक क्लिनिक द्वारा 2 फरवरी को निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. आलोक कुमार चर्म रोग और गुप्त रोग से संबंधित समस्याओं की निशुल्क जांच और उपचार की सुविधा प्रदान करेंगे।
डॉ. आलोक कुमार ने बताया कि यह शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। उन्होंने जिले के सभी निवासियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपनी त्वचा संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जिले के लोगों को त्वचा संबंधी रोगों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही एवं समय पर इलाज उपलब्ध कराना है। निशुल्क उपचार के साथ–साथ मरीजों को उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी भी दी जाएगी।

शिविर के लिए आलोक क्लिनिक ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। डॉ. आलोक कुमार और उनकी टीम मरीजों की जांच और उपचार सुनिश्चित करेगी। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि वे इस शिविर में आकर अपनी त्वचा और गुप्त रोगों का निशुल्क उपचार कराएं।

## सीवान में तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत, जेसीबी से फूलों की बारिश, राजद नेताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

सीवान – बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज सीवान पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। दरौंदा के पास राजद कार्यकर्ताओं ने जेसीबी मशीन की मदद से फूलों की बारिश करके उनका अभिनंदन किया।

तेजस्वी यादव कल राजद नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगे, जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति और टिकट वितरण पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, राजद की महत्वाकांक्षी श्माई–बहिन योजनाश को लेकर महिलाओं के साथ संवाद भी होगा।

तेजस्वी यादव इस बैठक में पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र में किए गए बड़े वादों पर भी चर्चा करेंगे। इसमें माई–बहिन योजना की शुरुआत, मुफ्त बिजली, और लाखों युवाओं को रोजगार देने का वादा प्रमुख है।

इस कार्यक्रम में दिवंगत सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा शहाब, राजद नेत्री हेना शहाब, जिले के विधायक, एमएलसी और अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।









# जुए में हार के बाद युवक की हत्या – वैशाली में गला रेतकर हत्या, सबूत मिटाने के लिए शव को आग के हवाले किया

संवाददाता केशव न्यूज

वैशाली जिले के बहसी ओपी क्षेत्र में जुआ खेलने के दौरान हुए विवाद ने खतरनाक रूप ले लिया। इस विवाद में 22 वर्षीय महेश सहनी की निर्मम हत्या कर दी गई। हत्यारों ने न केवल उसका गला रेत दिया, बल्कि सबूत मिटाने के इरादे से शव को झाड़ियों में फेंककर आग लगा दी।

मृतक महेश सहनी, दामोदर गांव के निवासी सुनील सहनी का पुत्र था। बताया जाता है कि महेश अपने घर से करीब 2 किलोमीटर दूर दोस्तों के साथ जुआ खेलने गया था। वहीं विवाद के दौरान उसकी हत्या कर दी गई। महेश तीन भाइयों में बीच का था।

घटना की सूचना मिलते ही बहसी ओपी के प्रभारी आशीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने गंभीर रूप से घायल महेश को हाजीपुर के सदर अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी



थाना अध्यक्ष अरविंद पासवान ने बताया कि प्राथमिक जांच में मामला गला रेतकर हत्या का है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने झाड़ियों से शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। इस जघन्य हत्या से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## गोपालगंज में बथान पर बैठे अधेड़ को बदमाशों ने मारी गोली – सदर अस्पताल में इलाज जारी, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस



संवाददाता केशव न्यूज

गोपालगंज जिले के उचकागांव थाना क्षेत्र के भगवान टोला गांव में सोमवार को बाइक सवार दो बदमाशों ने एक अधेड़ व्यक्ति को गोली मार दी। घायल की पहचान स्वर्गीय रामदेव यादव के पुत्र रमेश यादव के रूप में हुई है।

रमेश यादव ने बताया कि वह अपने बथान पर बैठे थे, तभी बाइक पर सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए भागने की कोशिश के दौरान रमेश के पैर में गोली लग गई। बदमाश एक और गोली चलाकर मौके से फरार हो गए।

गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल रमेश यादव को अनुमंडलीय अस्पताल हथुआ ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही उचकागांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस ने स्थानीय लोगों से पूछताछ कर आरोपियों की पहचान के लिए सुराग जुटाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, घायल रमेश यादव का इलाज सदर अस्पताल में जारी है।

# पत्रकार से मारपीट के विरोध में सांसद का पुतला दहन मुंगेर में छात्र राजद का प्रदर्शन, गिरफ्तारी की मांग

संवाददाता केशव न्यूज

मुंगेर में छात्र राजद ने भागलपुर के जदयू सांसद अजय मंडल के खिलाफ आंबेडकर चौक पर पुतला दहन कर जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन छात्र राजद के प्रदेश महासचिव ईशु यादव के नेतृत्व में हुआ, जिसमें कार्यकर्ताओं ने सांसद की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

जानकारी के अनुसार, सांसद अजय मंडल और उनके समर्थकों ने समाचार कवरेज के दौरान पत्रकार कुणाल शेखर और सुमित कुमार के साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। इस घटना ने मीडिया जगत के साथ–साथ राजनी. तिक गलियारों में भी हलचल मचा दी है।

प्रदेश महासचिव ईशु यादव ने कहा कि राज्य में न केवल आम जनता, बल्कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी असुरक्षित है। उन्होंने इस घटना को लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला बताते हुए कहा कि सरकार की निष्क्रियता इसके लिए जिम्मेदार है। यादव ने



चेतावनी दी कि पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा के लिए यह आंदोलन जारी रहेगा।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो सरकार को बड़े पैमाने पर विरोध का सामना करना पड़ेगा।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रवीण कुमार यादव, विशाल चौरसिया, राहुल मोदी सहित कई छात्र राजद कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एकजुट होकर सांसद अजय मंडल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की और घटना को निंदनीय बताया।








